# अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, भुवनेश्वर
## All India Institute of Medical Sciences, Bhubaneswar
**(A Statutory Body under aegis of Ministry of H & F.W., Govt. of India)**
**सिजुआ, डाक-: डूमुडुमा, भुवनेश्वर – 751019**
**Sijua, Post: Dumuduma, Bhubaneswar- 751019**


अ:भा:आ:सं/भुवनेश्वर/प्रशासन/विविध/638/2851 दिनांक-11/09/2019

## परिपत्र / CIRCULAR

राजभाषा विभाग, गृह मंत्रालय, भारत सरकार के मार्गदर्शी रूपरेखा के अनुसार एम्स भुवनेश्वर में दिनांक 14 से 30 सितंबर 2019 तक हिन्दी दिवस / हिन्दी पखवाड़ा निम्नलिखित कार्यक्रम के अनुसार मनाया जाएगा। हिन्दी पखवाड़ा के दौरान एम्स भुवनेश्वर के अधिकारियों एवं कर्मचारियों एवं छात्र-छात्राओं हेतु विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा। प्रतियोगिताएं हिन्दी भाषी तथा अहिंदी भाषी दो वर्गों में आयोजित की जाएंगी। विजेताओं को पखवाड़े के समापन समारोह के दौरान 30 सितंबर को पुरस्कृत किया जाएगा। (प्रतियोगिताओं का विस्तृत विवरण अगले पृष्ठ पर दिया गया है)

| क्र.सं | कार्यक्रम | दिनांक | समय | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | उदघाटन समारोह | 14.09.2019 | पूर्वाह्न 10:00 बजे | छोटा सभागार, (Mini Auditorium) नर्सिंग कालेज एम्स,भुवनेश्वर |
| 2. | विभिन्न प्रतियोगिताएं 16.09.2019 से 28.09.2019 निम्नानुसार दिये गए विवरण के अनुसार। | | | |
| 3. | समापन समारोह, और पुरस्कार वितरण | 30.09.2019 | अपराह्न 3:00 बजे | छोटा सभागार, (Mini Auditorium) नर्सिंग कालेज एम्स भुवनेश्वर |

## प्रतियोगिताओं का कार्यक्रम

| क्रम संख्या | प्रतियोगिता का नाम | समय | आयोजन तिथि | स्थान |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टंकण प्रतियोगिता<br>Typing Competition | अपराह्न 3:00 बजे से 4 बजे तक | 16.09.2019 | स्थापना अनुभाग (Estt. Section) कक्ष नंबर 329 तृतीय तल अकादमिक ब्लॉक |
| 2. | टिप्पण एवं प्रारूपण प्रतियोगिता<br>Noting & Drafting Competition<br>अनुवाद प्रतियोगिता<br>Translation Competition | अपराह्न 3:00 बजे से 5 बजे तक | 18.09.2019 | बोर्ड रूम प्रथम तल एम्स,भुवनेश्वर |
| 3. | आकस्मिक भाषण प्रतियोगिता<br>Extempore Speech Competition | अपराह्न 3:00 बजे से 4 बजे तक | 20.09.2019 | बोर्ड रूम प्रथम तल एम्स,भुवनेश्वर |
| 4. | कविता पाठ प्रतियोगिता<br>Poetry Reading Competition<br>अंताक्षरी प्रतियोगिता<br>Antakshari Competition | अपराह्न 3: 00 बजे से 5 बजे तक | 24.09.2019 | बोर्ड रूम प्रथम तल एम्स,भुवनेश्वर |
| 5. | प्रश्न मंच प्रतियोगिता<br>Quiz Competition | अपराह्न 3:00 बजे से 5 बजे तक | 25.09.2019 | व्याख्यान कक्ष II (Lecture Hall - II) |
| 6. | कवि सम्मेलन एवं शाम ए गजल<br>Kavi Sammelan and Sham-e-Ghazal | अपराह्न 3:00 बजे से 5 बजे तक | 27.09.2019 | प्रेक्षागृह Auditorium |
| 7. | छात्रों के लिए निबंध एवं वाद विवाद प्रतियोगिता<br>Essay and Debate Competition for Students. | पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1 बजे तक | 28.09.2019 | नर्सिंग कालेज एम्स भुवनेश्वर |

## प्रतियोगिताओं का विवरण :

1. **कविता पाठ :** कविता पाठ में स्वरचित या अन्य कोई कविता का पाठ किया जा सकता है।
2. **हिंदी भाषण** : दिए गए विषयों में से किसी एक पर अधिकतम 4 मिनट तक बोलना होगा।
3. **हिंदी टंकण** : कंप्यूटर पर हिंदी में एक दिए गए पाठ (Text) को शुद्धता के साथ टाइपिंग करके देना होगा।
4. प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले इच्छुक प्रतिभागी प्रतियोगिता स्थल पर आकार सीधे भाग ले सकते हैं।

## प्रतिभागियों के लिए पुरस्कार :

प्रथम पुरस्कार/ 1st Prize : 1000/- रुपये
द्वितीय पुरस्कार/ 2nd Prize : 700/- रुपये
तृतीय पुरस्कार/ 3rd Prize : 500/- रुपये

**विशेष सूचना:** हमारा उद्देश्य हिंदी भाषा को लोकप्रिय बनाकर संस्थान में उसका प्रचार-प्रसार करना है। अतः सभी पुरस्कार इसी तथ्य को ध्यान में रखकर प्रदान किए जाते हैं। प्रतियोगिताओं के परिणाम का निर्णय विचारक मंडली द्वारा लिया जाएगा अतः इस बारे में कोई भी शिकायत/आपत्ति पर विचार करना संभव नहीं होगा। यह भी उल्लेखनीय है कि कोई भी अधिकारी / कर्मचारी एक से अधिक प्रतियोगिता में भाग ले सकता है परंतु किसी भी प्रतिभागी को तीन से अधिक पुरस्कार नहीं दिये जाएंगे। जो अधिकारी / कर्मचारी सभी प्रतियोगिताओं में भाग लेते हैं पर कोई पुरस्कार नहीं जीत पाते हैं उन्हें प्रोत्साहन पुरस्कार दिया जाएगा।

एम्स भुवनेश्वर के छात्र / छात्राओं के लिए वाद-विवाद और निबंध प्रतियोगिता दिनांक 28/09/2019 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से अपराह्न 1 बजे तक बजे छोटा सभागार (Mini Auditorium) में आयोजित की जाएगी। इस वाद-विवाद प्रतियोगिताओं के विषय निम्नलिखित होंगे जिनपर प्रतिभागियों को हिन्दी में वाद-विवाद करना होगा।

**वाद-विवाद प्रतियोगिता के विषय**

1. **छात्रों में अनुशासन के लिए क्या दंड विधान आवश्यक है ?** **(हिन्दी भाषी छात्र/छात्राओं के लिए)**
2. **स्वच्छ भारत अभियान की सफलता क्या सरकार की जिम्मेदारी है ?** **(अहिन्दी भाषी छात्र/छात्राओं के लिए)**

**निबंध प्रतियोगिता के विषय**

1. **डिजिटल इंडिया अर्थव्यवस्था के लिए चुनौती या अवसर।**

किन्हीं अपरिहार्य परिस्थितियों (Unavoidable circumstances) के कारण प्रतियोगिताओं/समापन समारोह की तिथि / स्थान आदि में परिवर्तन किया जा सकता है। इन प्रतियोगिताओं अथवा कार्यक्रम के बारे में कोई अन्य जानकारी लेनी हो तो आप निःसंकोच निम्नलिखित मेल पते या दूरभाष नंबर पर संपर्क कर सकते हैं।

**ईमेल : rajbhasha@aiimsbhubaneswar.edu.in**

**दूरभाष : 0674-2476653 मोबाइल – 7008552470 / 7008486857**

सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों से अनुरोध किया जाता है कि इन कार्यक्रमों में उपस्थित रहकर इसे सफल बनाएँ। यह परिपत्र सक्षम प्राधिकारी के निर्णयानुसार जारी किया गया।

एस के पाढी

**वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी**
**एम्स,भुवनेश्वर**

**प्रतिलिपि:**

1.निदेशक के कृपया सूचनार्थ
2.डीन,उप निदेशक (प्रशासन),चिकित्सा अधीक्षक, वित्तीय सलाहकार,अधीक्षक अभियंता, अतिरिक्त चिकित्सा अधीक्षक, वरिष्ठ क्रय एवं भंडार अधिकारी, वित्त और मुख्य लेखा अधिकारी, अधिशासी अभियंता (सिविल), अधिशासी अभियंता (विद्युत), परीक्षा के सहायक नियंत्रक,सहायक प्रशासनिक अधिकारी,कुलसचिव,पुस्तकालय अध्यक्ष,सुरक्षा सलाहकार
3. विभागों के सभी प्रमुख / विभागों के प्रभारी और अधिकारी
4. आई, टी. सलाहकार कृपया इस परिपत्र को एम्स भुवनेश्वर की वेबसाइट https://aiimsbhubaneswar.nic.in पर अपलोड करा दें।
5. स्थापना अनुभाग
6. नोटिस बोर्ड